तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 8 फरवरी 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



13 क्षीरसागर मुद्रा में विराजमान भगवान विष्णु, कदंब के पेड़ में नारियल बांधने की परंपरा आज भी जीवंत



14 जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण









## खबर संक्षेप

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गगनदीप प्रथम

**गुरूर।** ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर के कक्षा नवमी के छात्र गगनदीप लोहले ने अखिल विश्व गायत्री परिवार



द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके उपलब्धि पर संस्था के प्रबंधक पूरण साहू, प्राचार्य प्यारे लाल साहू, शिक्षक ओमेंद्र यादव, शिक्षिका उमेश्वरी सिन्हा, तृप्ति साहू, वर्षा साहू, पूजा साहू, गायत्री साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### रजिस्ट्री दर कम करने सीएम को चेंबर का पत्र

**बालोद।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश मंत्री स्वाधीन जैन ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को



पत्र लिखा, जिसमें बालोद जिले में भी रजिस्ट्री दरों में कम करने की मांग की गई है। स्वाधीन जैन ने बताया कि राज्य सरकार ने रायपुर और कोरबा जैसे प्रमुख जिलों में रजिस्ट्री दरों में पहले ही कमी कर दी है, लेकिन बालोद जिले में रजिस्ट्री शुल्क अत्यधिक होने से ग्रामीणों, किसानों और छोटे व्यापारियों को जमीन की खरीद–फरोख्त में भारी आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। स्वाधीन जैन ने बताया बालोद जिला मुख्यतः कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर निर्भर है। यहां के लोगों के लिए जमीन की खरीद, फरोख्त एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है। उच्च रजिस्ट्री दरें इस प्रक्रिया को महंगा और कठिन बना रही हैं। यह न केवल आम आदमी के लिए समस्या है, बल्कि व्यापार और निवेश के लिए भी बाधक है। बालोद जिले में रजिस्ट्री दरों को तत्काल कम किया जाए। अन्य जिलों के समान दरें लागू की जाएं। ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को आर्थिक राहत प्रदान की जाए। चैबर ऑफ कॉमर्स ने आशा जताई है कि राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करेगी और बालोद जिले के लोगों को राहत प्रदान करेगी।

### पेंशनर समाज की मासिक बैठक कल

**गुरूर।** छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 09 फरवरी सोमवार को दोपहर 01 बजे से शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन बोहारा में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में आय–व्यय की समीक्षा, नये सदस्यों की अभिनन्दन, सन 2026 के सदस्यता अभियान की समीक्षा, बसंत और होली पर्व पर विचार अभिव्यक्ति, पेंशनरों के समस्याओं के समाधान पर विचार, समसामयिक अन्य प्रस्ताव,दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### रेला नृत्य और पारंपरिक रीति-रिवाजों से हुआ विधायक का स्वागत

# वनांचल ग्राम नैकुरा में विधायक संगीता सिन्हा ने आदिवासी परिवारों के बीच मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा का जन्मदिन समारोह बालोद जिला के अंतिम छोर में बसे वनांचल में बसे गांव नैकुरा में मनाया जो आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। जहां विधायक ने अपना जन्मदिन आयोजित किया। 35 आदिवासी परिवार वाला ग्राम नैकुरा के ग्रामवासी जहां कोई जनप्रतिनिधि आता जाता नही, ऐसे में विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामवासी गदगद थे।

■ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

विधायक संगीता सिन्हा की पहचान संघर्षशील विधायक के नाम से होती है, लगातार संजारी बालोद के समस्या तथा प्रदेश के ज्वलंत मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता में उठाते रहे है, लगातार सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ते रहे है और उनकी संघर्षशीलता के कारण ही पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है, विधायक जी का लगातार क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ये प्रयास निरंतर रहा है, इसी का परिणाम है कि लगातार दूसरी बार जनता का प्यार उनको मिलता रहा है, सरल सहज मिलनसार मृदुभाषी व्यक्तित्व जिनका पहचान पूरा प्रदेश में बना हुआ है।

जन्मदिन समारोह ग्राम के स्कूल परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र के आम जनता के साथ विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थिक होकर विधायक जी को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपना अपना आशीर्वाद स्नेह प्रदान किया।

गांव की महिलाओं ने आदिवासी संस्कृति के अनुरूप विधायक का गर्मजोशी के स्वागत किया,









रेला नृत्य के साथ विधायक का अभिनन्दन किया। समारोह में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री सादिक अली, महामंत्री समित राजपूत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दूरगु राम सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि एवं सरपंच टोमन साहू, संजय चौधरी ने विधायक जन्मदिन के अवसर पर विधायक को बधाई देते हुए उनके व्यक्तिव पर प्रकाश डाला कि लगातार क्षेत्र की जनता के लिए वे हमेशा तत्परता के साथ खड़े रहते है उनकी सादगी, सरलता ही उनकी अलग पहचान है बालोद विधानसभा की जनता को वो अपने परिवार के सदस्य के तरह दिल में बसा के रखती है।

विधायक ने ग्राम के महिलाओं के संग अपने जन्मदिन पर काटकर ग्रामीण जनों का आशीर्वाद लिया, विधायक ने जन्मदिन पर स्कूल परिसर में पौधारोपण किया, तत्पश्चात ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव की प्राचीन परम्परा के अनुसार भोजन ग्रहण किया।

इनकी रही उपस्थिति। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत बालोदगहन के सरपंच भगवान दास मंचूरिया, बालोद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि कमलेश, चोवा राम साहू, श्रावस्ती, बालोद शहर ब्लॉक अध्यक्ष अंचल साहू, धीरज उपाध्याय, गोपाल राठी, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, शहर अध्यक्ष अंकुश दिवान, हिमांशु लावतरे, सेक्टर प्रभारी उमर अली, गुलेंद्र कतलाम पार्षद बंटी शर्मा, सुमीत शर्मा, युवा कांग्रेस नेता साजन पटेल, रोहित सागर, देवेंद्र साहू, बबलू साहू, यानेश साहू, मुकेश सर्वा, मिडिया प्रभारी उमेश साहू, कुलदीप साहू, बोरतरा उपसरपंच विक्की सिन्हा, रूप साहू, विधायक प्रतिनिधि तुलेश सिन्हा, एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राज श्री क्षत्रिय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, जनपद सदस्य कौशल्या चंद्रवंशी, छात्र नेत्री हर्षू साहू, ग्राम के पटेल सेवता, पंच आनंद राम सहित ग्रामवासी व कार्यकर्ता उपस्थिक थे।

## ट्रक की ठोकर से युवती घायल, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

घर के सामने झाड़ू खरीद रही युवती को ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पालक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम दानीटोला निवासी झमेश्वर ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 01 फरवरी को मेरी लड़की रिद्धी ठाकुर अपनी दादी के साथ घर के सामने रोड़ किनारे झाडु बेचने वाले झाडु खरीद रही थी तभी राजहरा तरफ से आ रही ट्रक सीजी 10 सीबी 5822 का चालक रिद्धी ठाकुर को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेन्ट करने से दोनो पैर में गंभीर चोट आकर दोनो पैर से खून निकला है। मेरी घायल बच्ची को बालोद लाकर भतऍं किया हूं जिसका उपचार जारी है।

## कार की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** मोटर साइकिल सवार व्यक्ति को कार ने ठोकर मार दी। जिसके बाद पीड़ित के परिजन ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम हरदी वार्ड क्रं. 51 थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव निवासी कोमल टंडन ने पुलिस को बताया कि 01 फरवरी के शाम करीब 06.30 बजे सुरेगांव के तरफ से मोटर साइकिल सीजी 04 पीबी 0736 को सफेद कलर के कार सीजी 07 जेडी 6879 के चालक द्वारा सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मोटर साइकिल सीजी 04 पीबी 0736 के चालक बोधन टंडन के दाहिने पैर की ऐंडी व दाहिने हांथ में गंभीर चोंट आया है, घटनास्थल से परिवार वालों की मदद से बोधन टंडन व जितेन्द्र निषाद को ईलाज हेतु शासकीय अस्पताल देवरी लेकर आये जहां बोधन टंडन का प्राथमिक उपचार बाद रिफर करने के बाद राजनांदगांव में भतऍं कराने हेतु रवाना किये हैं व जितेन्द्र निषाद का ईलाज शासकीय अस्पताल देवरी में चल रहा है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर डुंडेरा को कायाकल्प 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान मिला

**बालोद/सिकोसा।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शासकीय आयुर्वेद औषधालय डुंडेरा नें अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए प्रदेश स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

■ स्वास्थ्य मंत्री ने किया सम्मानित

कायाकल्प 2024 के तहत स्वच्छता, सुव्यवस्था, गुणवत्ता, पूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए राज्य में प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर के कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय डुंडेरा



नवीन जिला बालोद को प्रथम स्थान प्रदान कर सम्मानित किया। कायाकल्प 2024 में 1172 संस्थाओं को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष शासकीय आयुर्वेद औषधालय डुंडेरा नवीन की टीम के प्रति हर्ष व्यक्त किया। कायाकल्प आयुष का उद्देश्य संस्थान की कार्य प्रणाली, रोगी संतुष्टि, औषधि की उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता और समग्र वातावरण को बेहतर ▶▶|शेष पेज 12 पर

## युवक की पिटाई की मामला दर्ज

**बालोद।** दो पक्षों में हो रहे वाद विवाद को शांत कराने गए व्यक्ति की पिटाई कर दी गई। जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्र 06 आमाडारपारा डौंडी निवासी संतूराम यादव ने पुलिस को बताया कि 01 फरवरी रात्रि लगभग 10.30 बजे मेरे पडोसी दौलत साहू, नितिन साहू, हेमंत साहू उनकी पतनी व दौलत साहू की पत्नी और मेरे भतीजे खेमचंद यादव के बीच वाद विवाद होने पर मैं बीच बचाव करने गया, बीच बचाव में दौलत साहू द्वारा मेरा गला पकडा गया उनकी पत्नी ने नाक नकोडा जिससे खरौंच आया है।

## विकासखंड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन अभियान 10 से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सामूहिक दवा सेवन में आवश्यक सहयोग हेतु अनुविभागीय अधिकारी द्वारा महिला बाल विकास विभाग, शासकीय अशासकीय शिक्षण संस्थाओं महाविद्यालयो एवं तकनीकी संस्थान के प्रमुख की उपस्थिति में समन्वय बनाकर अभियान में शत प्रतिशत उपलब्धि लाने व आवश्यक सहयोग करने निर्देशित किया गया, ताकि विकास खण्ड हाथी पाव से रोग मुक्त हो सके।

■ पहले तीन दिन स्कूल-कॉलेज व आंगनबाड़ी में बूथ बनाकर दवा वितरण होगा

खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि हाथी पांव एक गंभीर बीमारी है जिनका इलाज संभव नहीं है, यह व्यक्ति को स्थाई रूप से अपंग बना देता है, सामूहिक दवा सेवन कर इनका बचाव किया जा सकता है, यह एक संक्रमित क्यूलेक्स मच्छर के काटने से इनके परजीवी मानव शरीर में जाकर संक्रमित करते हैं।

इनके प्रमुख लक्षणो मेंटॉपिकल पल्मोनरी इस्नोफीलिया, पुरुषों के अंडकोष में सुजन, महिलाओं में स्तन पर गांठ, हाथ पैर में सूजन इसके प्रमुख लक्षण है, चूंकि मच्छर के कांटे जाने उपरांत इनके लक्षण दिखने में लगभग 5 वर्ष से 15 वर्ष लग जाते हैं इसीलिए इनके प्रजनन क्षमता को निक्रिरय करने सामूहिक दवा सेवन कराई जाती है, जिसमें लक्षित उम्र समूह के सभी हितग्राहियों को शत प्रतिशत दवा खिलानी होती है।

यह अभियान 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलाई प्रथम तीन दिन आंगनबाड़ी, स्कूल महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान में बूथ बनाकर उपस्थित बच्चों दल द्वारा दवा खिलाई जाएगी। 13 फरवरी से 25 फरवरी तक घर–घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व मितानिन द्वारा दवा खिलाई जाएगी, जिनका सतत निगरानी पर्यवेक्षक द्वारा की जाएगी। शैक्षणिक संस्थानों में नोडल शिक्षक को जिम्मेदारी दी गई है जो अभियान पूर्व बच्चों को दवा सेवन व बचाव हेतू जानकारी एवं संस्था में आवश्यक व्यवस्था करेंगे, साथ ही साथ समुदाय में आवश्यक प्रचार प्रसार हेतु पंचायत प्रतिनिधियों एवं कोटवार के माध्यम से अभियान पूर्व व अभियान के दौरान मुनादी कर प्रचार प्रचार किया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा अपील किया गया कि यह दवा पूर्ण रूप से ▶▶|शेष पेज 12 पर

### समापन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रशिक्षणार्थी रहे उपस्थित

# समारोह : गोदना व हस्त शिल्प प्रशिक्षण से महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

ग्राम पंचायत चिरपोटी में हस्त शिल्प विकास बोर्ड प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को तीन माह की गोदना हस्त शिल्प प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे, अध्यक्षता ग्राम सरपंच पूजा चंद्राकर ने किया।

विशेष अतिथि हस्त शिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक सीएस केहरि, जन कल्याण समिति के सचिव घना राम साहू, उप सरपंच सुरेश निषाद, पूर्व सरपंच महेश्वरी चंद्राकर थे। थानसिंह मंडावी ने कहा कि छ.ग. शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिलाओं को गोदना आर्ट की



प्रशिक्षण तीन माह तक दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मानदेय के रूप में प्रतिदिन पचास रुपए दिए गए एवं साथ में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। हाथों से या सरल औजारों की मदद से बनाई जाने वाली कलात्मक वस्तुओं को हस्त शिल्प कहते है, ये वस्तुओं उपयोग होने के साथ साथ सजावट के काम भी आते हैं। सरपंच पूजा चंद्राकर ने कहा कि यह प्रशिक्षण छ.ग. सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, हस्त शिल्प विकास बोर्ड एक सरकारी संस्था है जो हस्त शिल्पों के विकास और प्रचार प्रसार के लिए काम करती है। प्रशिक्षण अधिकारी ऋषि अगरिया ने बताया कि प्रशिक्षण में बेड शीड, साड़ी, पिलो कवर, स्कार्फ एवं घर के दिवालो में कशीदाकारी का प्रशिक्षण दिया गया। हस्त शिल्प विकास बोर्ड के प्रबंधक सीएस. केहरी ने बताया कि शिल्पकारों को विपणन सुविधाएं प्रदान करना एवं बोर्ड ने भारत भर में और छ.ग. राज्य में, शबारी के ब्रांड, नाम से एंपोरियम स्थापित किया गया है, यह प्रशिक्षण बोर्ड के प्रबंधक केहरी एवं जन कल्याण समिति के सचिव घनाराम साहू के मार्ग दर्शन में संचालित हुआ।

इस अवसर पर बोर्ड के कर्मचारी शरद साहू, नितेश तराने, मनोज मंडावी के अलावा प्रशिक्षणाथऍं दीप्ति साहू, राखी साहू, हर्षा साहू, रेणुका साहू, लिता साहू, मनीषा देवदास, इंदु निषाद, अर्चना जोशी, गोमती साहू, भावना साहू, उर्वशी कोसरे, तृप्ति चौहान, सावित्री साहू, मधु साहू, दुलेश्ववरी साहू, रामप्यारी साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# दल्लीराजहरा क्षेत्र में अवैध लाल ईंट भट्ठों का जाल, जंगल और जनस्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा लौह अयस्क क्षेत्र से लगे घने वनों से घिरे आदिवासी विकासखंड में अवैध लाल ईंट के कारोबार ने गंभीर रूप ले लिया है। क्षेत्र के भीतर और जंगलों के आसपास सैकड़ों अवैध ईंट भट्ठे संचालित होने की चर्चा आम है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति, बिना लाइसेंस और बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के बड़े पैमाने पर ईंट निर्माण और विक्रय किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण, वन संपदा और जनस्वास्थ्य तीनों पर संकट खड़ा हो गया है।

ईंट पकाने के लिए उपयोग होने वाली लकड़ी कहां से लाई जा रही है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जंगलों से अवैध कटाई कर लकड़ी को ईंधन के रूप में ईंट भट्ठों में जलाया जा रहा है। इससे वन क्षेत्र में लगातार आग की घटनाएं बढ़ रही हैं, जैव विविधता को नुकसान हो रहा है और पर्यावरणीय असंतुलन की स्थिति बन रही है।

### भट्ठा संचालकों का पक्ष,

वहीं कुछ चिखली, बोरगांव, नर्राटोला,खललारी के ईंट भट्ठा संचालकों का कहना है कि वे रोजगार के लिए यह काम कर रहे हैं और स्थानीय मजदूरों को काम मिल रहा है। उनका दावा है कि लकड़ी नहीं, बल्कि अन्य ईंधन का उपयोग किया जाता है और उन्हें नियमों की पूरी जानकारी नहीं है। कुछ संचालकों ने यह भी कहा कि यदि शासन द्वारा वैध प्रक्रिया और अनुमति व्यवस्था स्पष्ट कर दी जाए, तो वे नियमों के तहत काम करने को तैयार हैं।





### देवेंद्र नेताम तहसीलदार राजस्व

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अवैध ईंट भट्ठों की जानकारी मिलने पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही है। संबंधित विभागों का दावा है कि वन विभाग, राजस्व विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समन्वय से जांच अभियान चलाया जाएगा और अवैध रूप से संचालित भट्ठों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि यदि कहीं अवैध लकड़ी कटाई या वन भूमि का दुरुपयोग पाया गया तो संबंधितों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दल्लीराजहरा और आसपास के आदिवासी अंचलों में अवैध लाल ईंट का कारोबार अब केवल अवैध व्यापार नहीं, बल्कि पर्यावरण, वन संरक्षण और सामाजिक स्वास्थ्य का बड़ा संकट बन चुका है। जरूरत है पारदर्शी जांच, संयुक्त कार्रवाई और दीर्घकालीन नीति की, ताकि जंगल, जनजीवन और विकास—तीनों के बीच संतुलन बनाया जा सके।

जंगलों के भीतर ही ईंट बनाकर शहरों और कस्बों में सप्लाई किए जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं।

**स्थानीय ग्रामीणों का पक्ष :** स्थानीय ग्रामीणों रामेश्वर कुमार,अजीत कुमार खरे, खिलावन, विष्णु साहू का कहना है कि अवैध ईंट भट्ठों के कारण जंगल उजड़ रहे हैं, पानी के स्रोत सूखते जा रहे हैं और हवा में धुआं फैलने से बच्चों और बुजुर्गों में सांस की बीमारियां बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

**जनप्रतिनिधिय ने जताई गहरी चिंता :** रतिराम कोसमा विधायक प्रतिनिधि और क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठनों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह सिर्फ अवैध कारोबार नहीं, बल्कि संगठित पर्यावरणीय अपराध है। यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र को गंभीर पर्यावरणीय आपदा का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से संयुक्त जांच दल गठित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पशु क्रूरता और मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** पशु क्रूरता के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि घटना जलेबी चौक के पास सुंदर नगर नाला के पास की है। आरोपी ने लोहे के हथौड़े से पालतू पशु को बुरी तरहा मारा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। छावनी पुलिस ने आरोपी छावनी निवासी बाबूराव उर्फ पंडू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### 48 लाख की ठगी करने वाला आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** फॉरेक्स ट्रेडिंग का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि इंस्टाग्राम पर फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के लिए पीड़ित के पास आए लिंक को ओपन किया। जिसमें विभिन्न किस्तों में 48.67 लाख 500 रुपए का ठगी की गई। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण, डिजिटल ट्रैकिंग के आधार पर पूर्व में आंध्रप्रदेश के जिला अनकापल्ली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। अहमदनगर जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में संचालित ट्रस्ट के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कराई गई थी। इस दौरान पुलिस ने संगनमेयर, जिला अहमदनगर, महाराष्ट्र निवासी मनोहर लक्ष्मण मोरे को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपी से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड जब्त किया है।

### दफनाया गया महिला का शव, विवाद सुलझा

**भिलाई।** महिला के शव दफनाने को लेकर अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम जंजगिरी में हुआ विवाद सुलझ गया है। अंडा थाना पुलिस के अनुसार महिला के शव को उतई थाना अंतर्गत मचांदुर में दफनाया गया है। पुलिस के अनुसार शव दफनाने की जगह को लेकर दो समुदाय में विवाद इतना बढ़ गया कि गांव में पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। गांव के विशेष समुदाय की महिला का निधन हो गया था। परिवार के लोग महिला को उसी स्थान पर दफनाना चाहते थे, जहां उनके पूर्वजों को वर्षों से दफनाया जाता रहा है। बताया गया कि वह जमीन अब निजी स्वामित्व में है और उसे दूसरे व्यक्ति को बेचा जा चुका है। एक समुदाय के लोग इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। स्थिति को देखते हुए पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से बातचीत करते हुए समझाइश दी गई। शव दफनाने आए पक्ष के परिवार वालों को स्पष्ट किया गया कि जिस स्थान पर दफनाने की तैयारी थी, वह अब प्राइवेट जमीन है। इसलिए वहां अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी जा सकती। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में आपसी सहमति से दफनाया गया।

### प्रथम पहर के कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज को एकजुट रहने का किया आह्वान

# दिल्लीवार समाज के अधिवेशन में व्यवधान तेज हवा ने उखाड़ा पंडाल, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय अधिवेशन में द्वितीय दिवस दोपहर बाद मात्र 10 सेकंड की तेज हवा ने कार्यक्रम को अस्त व्यस्त कर दिया। पंडाल करीब करीब 5 फीट तक ऊपर उठ गया था, इससे कई पाइप टूट गए। अचानक आई तेज हवा से पंडाल के अंदर अफरा तफरी मच गई, लोगों को पंडाल के बाहर किया गया। साथ ही आगे का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।

ग्राम देवरी (ख) में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज का तीन दिवसीय आयोजन चल रहा है। इसमें आज द्वितीय दिवस था। इस अवसर पर मुख्य रूप से अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत बालोद के अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम चल ही रहा था कि लगभग 2: 45 बजे पंडाल के अंदर अचानक तेज हवा चली और पंडाल के पाइप पंडाल सहित हवा में उड़ने लगे। इसके बाद तत्काल बिजली काटकर लोगों को पंडाल से बाहर किया गया। तेज हवा से कई पाइप टूट गए, इसके चलते पंडाल खड़ा करने में विलंब हुआ और आज का कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा।







इनकी रही थी उपस्थिति कार्यक्रम में प्रीती देशमुख प्रांतीय अध्यक्ष महिला समिति, हेमंत देशमुख प्रांतीय अध्यक्ष युवा समिति, दिलीप देशमुख कोषाध्यक्ष, केशव बंटी हरमुख, ललित देशमुख महामंत्री, चुम्मन देशमुख सहायक मंत्री, किशन देशमुख कार्यालय मंत्री, अशोक भारदीय सर्किल प्रधान, उप प्रधान कपिल देव देशमुख, सचिव महेंद्र दिल्लीवार, कोषाध्यक्ष रामरतन देशमुख, चिंतामणि देशमुख सहसचिव, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओंकारेश्वर हरमुख, महिला सर्किल अध्यक्ष ईश्वरी बाई देशमुख, उपाध्यक्ष भगवती देशमुख, सचिव श्याम देशमुख, कोषाध्यक्ष झामीन देशमुख, सब सचिव चंद्रकांता देशमुख, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य केंवरा बाई देशमुख, नवयुवक अध्यक्ष तामेश्वर देशमुख उपाध्यक्ष संतोष देशमुख सचिव डोमेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अध्यक्ष दिलीप देशमुख आदि थे।

तेज हवा के शांत होने के बाद उखड़े पंडाल को ठीक करने तत्काल लोग भीड़ गए, क्योंकि रविवार को मुख्य कार्यक्रम है इसलिए पंडाल दुरुस्त करने समाज के लोग सहित पंडाल वाले भी भीड़ गए और देर शाम तक पंडाल ठीक करते रहे।

# शाला बगईकोन्हा में भव्य बाल उत्सव मेला आज

**डौंडी लोहारा।** प्रधानमंत्री श्री योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा (टी) में दिनांक 08 फरवरी रविवार को "बाल उत्सव मेला" का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय परिवार एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास, सांस्कृतिक प्रतिभा के प्रदर्शन तथा विद्यालय व समाज के बीच आत्मीय संबंध को सुदृढ़ करना है।

- बाल उत्सव मेला में सांस्कृतिक प्रतिभाओं का होगा संगम

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजाराम तारम (सदस्य जिला पंचायत, बालोद) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवत कुमार नेताम (सरपंच ग्राम पंचायत बगईकोन्हा) करेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में राजकुमार प्रभाकर (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी लोहारा), गोविंद चन्द्राकर (विधायक प्रतिनिधि) तथा तेजेश्वनी दुग्गा (सदस्य जनपद पंचायत डौंडी लोहारा) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रमों की कड़ी में दोपहर 12 बजे बाल मेला स्थल का उद्घाटन,01 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताएं तथा 2.30 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। आयोजक गणों अध्यक्ष बिहारी लाल कोमरे एवं उपाध्यक्ष मनोज कुमार कुंजाम तथा शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व विद्यालय प्रशासन ने क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह का सरगना पकड़ाया

**भिलाई।** बीएसपी में कॉपर चोरी मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई ने जलभवन के पीछे स्थित प्रोपेन प्लांट क्षेत्र से कॉपर वायर चोरी करने वाले स्टेशन मरोदा उत्कल नगर निवासी आरोपी संतोष निषाद ने चोरी की सारी जानकारी पुलिस को दी। इस दौरान पुलिस ने तांबा तार चोर गिरोह के सरगना संगम चौक स्टेशन मरोदा निवासी शत्रुघन धनकर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पुलिस को बताया कि बीएसपी की बाउंड्री वॉल पार कर भीतर प्रवेश कर वाहन कार सीजी - 04-ई-9100 में 210 किलो ग्राम कॉपर स्क्रैप वायर लोड कर चोरी करना स्वीकार किया। जिसकी कीमत 1.36 लाख 500 रुपए आंकी गई है।

# लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लूट की झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्राम कुगड़ा कुम्हारी निवासी नितेश देवांगन ने पुलिस को सूचना दी कि वह ज्वेलरी खरीदकर घर लौट रहा था। कुगड़ा रोड में सार्थक होम के पास तीन अज्ञात युवक आए। उन्होंने धारदार हथियार दिखाकर उससे सोने की ज्वेलरी व नगदी लूटी और फरार हो गए। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस पुलिस जांच में जुट गई। सीसीटीवी कैमरों को खंगालने पर पाया गया कि पीड़ित ने जहां घटना स्थल और समय बताया वहां उस तरह की कोई वारदात नहीं हुआ है।

पुलिस ने जब आगे जांच की तो पाया कि नीतेश देवांगन को व्यापार में काफी नुकसान हुआ था। इसलिए उसने बीमा से मुआवजा राशि लेने के लिए अपने साथ लूट की झूठी शिकायत की। पुलिस ने नीतेश के पास से सोने की ज्वेलरी 7 जोड़ी टाप्स, 5 जोड़ी बाली जिसका वजन 30 ग्राम है जब्त किया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### राशनकार्डधारी 28 फरवरी तक करा सकेंगे ई-केवाईसी

**दुर्ग।** भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड (वन नेशन वन राशनकार्ड) योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 4,96,354 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में 16,86,164 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में 14,86,690 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो गया है। 1,99,474 लाख सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवाईसी में छूट दिया गया है। खाद्य नियंत्रक दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से भी ई-केवाईसी की जा सकती है। मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से ई-केवाईसी करने हेतु एन्ड्रायड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर फॉर्मेल्टी जमा करनी होगी।

# स्कूलों से दर्जनभर टीचर मिले गैरहाजिर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्कूलों में परीक्षाओं की तैयारी करवाने के बजाय टीचर गैरहाजिर मिल रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में शुक्रवार को दर्जनभर शिक्षक और शिक्षिकाएं गैरहाजिर मिली। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा देने के बाद भी कई शिक्षकों ने आवेदन ही नहीं दिया। पढ़ाई करवाने के बजाय स्टॉफ रूम में गप्पे मारते भी टीचर मिले। सभी लापरवाह शिक्षक व शिक्षिकाओं को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

पाटन स्वामी आत्मानंद स्कूल के कक्षा 11 वी ने अर्थशास्त्र के कालखण्ड के दौरान व्याख्याता त्रिवेणी साहू स्टाफ रूम में बैठी मिली। । यहां ज्यादातर शिक्षक कक्षा में जाने के बजाय स्टाफ रूम में बैठे पाये गये। कक्षा 10 वी में दर्ज संख्या 60 से 30 ही उपस्थित पाये गये तथा कक्षा 12 वी में एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे जबकि सभी प्राचार्यों को बैठक ने स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि परीक्षा के पूर्व तक विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। शाला परिसर में गंदगी पाई गयी जिस प चेतावनी देते हुए उपरोक्त अनियमितताओं के लिए संस्था प्रमुख को नोटिस जारी किया गया है।

### पाटन का भी किया निरीक्षण

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कन्या पाटन के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कल्पना वर्मा और पूजा अग्रवाल बिना अवकाश आवेदन के अनुपस्थित मिली। आनलाईन अवकाश आवेदन का परीक्षण करने पर भी आवेदन नहीं होना पाया गया। आरती यादव सहायक प्रेरक का माह फरवरी के प्रारंभ से निरीक्षण दिनांक तक उपस्थिति पंजी ने हस्ताक्षर नही पाये गये और न ही संस्था प्रमुख द्वारा उपस्थिति को अद्यतन किया गया है। शासकीय प्राथमिक शाला केसरा में 82 दर्ज संख्या में 4 शिक्षक कार्यरत है। जिसने टोमन लाल साहू, गौकरण कुमार धीवर बिना सूचना/आवेदन के अनुपस्थित पाये गये । शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल केसरा के निरीक्षण दौरान संस्था प्राचार्य प्रतिभा गौर्यबिना अवकाश आवेदन के अनुपस्थित पाई गई। एनपी देवांगन, सहायक ग्रेड दो बिना कोई सूचना के अनुपस्थित पाये गये। पूर्व माध्यमिक शाला कंसरा के सभी शिक्षक स्टाफ रूम में बैठे पाए परिसर मे खेलते पाये गये, जिस पर नोटिस जारी किया गया है।

### धान खरीदी पूरी | जिले में अब कुल 558778 मीट्रिक टन हुई धान खरीदी

# मियाद बढ़ने से दो दिन में 1291 किसानों ने 4687 मीट्रिक टन धान बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी की मियाद दो दिन और बढ़ाए जाने से दुर्ग जिले के 1291 किसानों को बड़ी राहत मिली। इन किसानों ने 4687 मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्रों में बेचा।

इससे जिले में अब कुल 558778 मीट्रिक टन धान खरीदी हो गई है। सरकार ने 31 जनवरी तक धान नहीं बेच पाने वाले किसानों के लिए 5 और 6 फरवरी को भी धान खरीदी करने की हिदायत दी थी। 31 जनवरी तक जिले में 557889 मीट्रिक टन धान खरीदी हुई थी। हालांकि प्रशासन द्वारा धान खरीदी का टारगेट 616435 मीट्रिक टन रखा गया था।



### सत्यापन होने के बाद मियाद हो गई थी खत्म

दुर्ग जिले में लिमिट बढ़ाई गई थी। किसानों को यह कहा गया था कि जो धान नहीं बेच पाए हैं वे आवेदन करें। आवेदन का सत्यापन नायब तहसीलदार और पटवारी के द्वारा करवाया गया कि आवेदक किसान का वास्तविक रकबा कितना है जिसमें उपज ली है। इस प्रक्रिया में समय लगा और 31 जनवरी की अंतिम खरीदी तिथि पर सत्यापन होने के बाद भी किसान अपनी उपज नहीं बेच पाए थे। ऐसे किसान ही बढ़ाई गई दो दिन में अपनी उपज बेच पाए।

### उपार्जन केंद्रों से 40 प्रतिशत धान का उठाव

दुर्ग जिले में 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही थी। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव अब तक 40.23 प्रतिशत ही हो पाया है। धान खरीदी पूरी हो जाने के बाद धान का उठाव प्रशासन के लिए एक चुनौती बना हुआ है। प्रशासन ने हालात को देखते हुए पांच संग्रहण केंद्र भी खोले हैं। उपार्जन केंद्रों से उठाव शुरू हो गया है।

### उपार्जन केंद्रों से ज्यादा धान खरीदी

उपार्जन केंद्र फुंडा में 106501 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। उपार्जन केंद्र डीडाभाठा में 102951 मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। कोड़िया में 99564 मीट्रिक टन धान किसानों ने बेचा है। उपार्जन केंद्र बटरेल में 90873 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र अंडा में 84266 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र औंधी में 93091 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र कुर्मीगुंडरा में 75490 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र जामगांव आर में 84337 मीट्रिक टन, उपार्जन केंद्र निकुम में 76759 मीट्रिक टन की धान खरीदी की गई है।

### उपार्जन केंद्रों में 3341424 मीट्रिक टन धान डंप

जिले के उपार्जन केंद्रों में अब भी 3341424 मीट्रिक टन धान डंप पड़ा है। इन उपार्जन केंद्रों से धान उठाव के लिए जिले के राइस मिलरों से अनुबंध किए गए हैं। राईस मिलरों द्वारा परिवहन में तेजी लाने की हिदायत दी गई है लेकिन उठाव में देरी होने की वजह से उपार्जन केंद्रों में धान की मात्रा अधिक है। जिले के 87 समितियों द्वारा उपार्जन केंद्रों में पड़े धान की सुरक्षा व्यवस्था करवाई जा रही है। बारिश से लेकर चोरी और चूहों आदि से सुरक्षा के उपाय करने की हिदायत दी गई है।

**बढ़ी धान खरीदी**

प्रदेश सरकार द्वारा 5 व 6 फरवरी को धान खरीदी करने की हिदायत दी गई थी। इस अवधि में पहले से पंजीकृत किसानों का ही धान खरीदी की गई है। जिन किसानों ने धान बेचने के लिए आवेदन दिया था उनका वेरीफिकेशन किया गया और मौका दिया गया। इससे जिले में धान खरीदी बढ़ी है।
-सुनील कुमार वर्मा, सीईओ जिला केंद्रीय सहकारी बैंक

## पेज 11 के शेष

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर ...

बनाना है। डुंडेरा औषधालय की टीम ने इन सभी मानकों पर बेहतरीन प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर बताया है कि ग्रामीण स्तर पर भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं। जिला आयुष अधिकारी बालोद डॉ निकिता धुरव ने शासकीय आयुर्वेद औषधालय की टीम आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बलराम अग्रवाल, फार्मासिस्ट उत्तम नेताम, औषधालय सेवक नंदलाल निराला और अंशकालिक स्वैच्छिक शौभित राम नायक के प्रति हर्श व्यक्त की और जिले में अन्य और औषधालयो के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया है। केंद्र मे उपस्थित चिकित्सक और कर्मचारी डॉक्टर बलराम अग्रवाल, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी उत्तम नेताम, फार्मासिस्ट नंदलाल निराला औषधालय सेवक और शोभित राम नायक पीटीएस की टीम भावना और सेवाभाव की वजह से ही यह उपलब्धि हासिल हो सकी है।

### विकासखंड में राष्ट्रीय...

सुरक्षित है किसी भी प्रकार की प्रतिकूल प्रभाव नहीं है, यदि किसी प्रकार की सामान्य प्रतिकूल प्रभाव होती है तो उसके प्रबंधन हेतु विकास खण्ड व सेक्टर स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम गठित की गई है, जिनका संपर्क नंबर सभी संस्थाओं को दे दी जाएगी। बचाव हेतू सामूहिक दवा सेवन, मच्छर दानी का उपयोग घरों के आस पास सफाई नालियों से गंदे पानी का निस्तारण व किसी प्रकार की स्वास्थ समस्या हो तो मितानिन व स्वास्थ्य केन्द्र में परामर्श व उपचार अवश्य करावे उक्त अवसर पर बीपीएम योगेश साहू, बीईटीओ केआर उर्वशा, एसटीएस लीना मांडवी, जिला इकाई से सायरा मितानिन कार्यक्रम की ब्लॉक समन्वयक ईश्वर साहू, अटल साहू, किरण चंद्राकर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो दिनी स्वर मानस सम्मेलन का समापन आज

**गुण्डरदेही।** आयोजक समिति सकरौद के द्वारा दो दिवसीय स्वर मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जो 7 फरवरी से प्रारंभ हुआ है, जिसका 8 फरवरी को समापन होगा। जिसमें 14 मानस परिवार व दो पंडवानी अपनी प्रस्तुती दे रही है। यह जानकारी संतोष देशमुख, पवन यादव ने दी।

### सरपंच पेमीन ने आंगनबाड़ी के बच्चों न्योता भोज कराया



**गुण्डरदेही।** आंगनबाड़ी केन्द्र मासुल में आंगनबाड़ी के बच्चों को न्योता भोज ग्राम पंचायत सरपंच पेमीन साहू के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर सरपंच के साथ ग्रामीण अध्यक्ष लेख राम चंद्राकार, मनहरण साहू, मुन्नी बाई, दसोदा बाई, खुशियली साहू, परदेसनीन बाई, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कुसुमा साहू, सहायिका किरण साहू उपस्थित थे।

### मंदिर की दानपेटी से 3000 रूपये चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** मंदिर में रखे दानपेटी से 3000 रूपये की चोरी हो गई। जिसके बाद पुजारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम परसोदा झलमला निवासी मन्नु लाल ठाकुर ने पुलिस को बताया कि प्रतिदिन के भाति 05 फरवरी के शाम 06 बजे शनि देव, शीतला मंदिर में पूजा पाठ करके चैनल गेट को अंदर व बाहर से ताला लगाकर अपने घर चला गया। 06 फरवरी के सुबह करीबन 05 बजे पूजा पाठ करने के लिये मंदिर में गया तो देखा कि शनि देव मंदिर के सामने चैनल गेट का ताला टुटा हुआ था, अंदर में रखे दानपेटी नही था, मंदिर परिसर के आस पास देखा तो अन्नपूर्णा माता मंदिर के पीछे शनि मंदिर का दानपेटी जिसका लाकर टुटे हुए हालत में पडा था एवं दान पेटी में रूपये नही था। शनि मंदिर में रखे दानपेटी जिसमें करीबन चिल्हर व नोट कुल 3000 रूपये को दानपेटी सहित किसी अज्ञात चोर द्वारा 05 फरवरी के दरम्यिानी रात्रि में शनि मंदिर के चैनल गेट में लगे ताला को तोडकर दानपेटी को अन्नापूर्णा माता मंदिर के पीछे ले जाकर दानपेटी से नगदी की चोरी कर ले गया है।

### ओटेबंद बगीचा में 19 फरवरी से आस्था का महाकुंभ

# क्षीरसागर मुद्रा में विराजमान भगवान विष्णु, कदंब के पेड़ में नारियल बांधने की परंपरा आज भी जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





बालोद व दुर्ग जिले की सीमा पर बसा ओटेबंद बगीचा गांव गुंडरदेही ब्लॉक में आता है। इस गांव के मंदिरों की अपनी विशेष पहचान है। इस क्षेत्र में भगवान विष्णु का काफी प्रसिद्ध मंदिर है। जिसमें विष्णु क्षीरसागर की मुद्रा में विराजमान है। साथ ही माता लक्ष्मी उनके पैर दबाते हुए नजर आ रही है। हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष पर यहां 11 दिनों का मेला लगता है। जिसे देखने दूर दूर से लोग आते हैं।

इस बार श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 19 फरवरी गुरुवार से 01 मार्च रविवार 2026 तक किया जा रहा है। यह पावन आयोजन क्षेत्र में धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का विशेष संदेश लेकर आ रहा है। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का पावन वाचन पूज्य संत श्री राजीव नयन जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा का आयोजन 21 फरवरी से 01 मार्च प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं शामिल होने की अपील किया है।

■ 11 दिवसीय विष्णु महायज्ञ और भागवत कथा का होगा

**फाल्गुन शुक्ल पक्ष में हर साल लगता है मेला:** ओटेबंद बगीचा गांव के विष्णुमंदिर में मेला लगने की परंपरा साल 1961 से शुरू हुई. तब से हर साल फाल्गुन शुक्ल पक्ष में मेला लगता आया है. इस मेले में शामिल होने भक्तों के साथ ही देश भर के साधु संत आते हैं. इस मंदिर में एक ऐसी मूर्तियों की श्रृंखला है जो देव उठनी पर केंद्रित है. इस मंदिर में भगवान विष्णु लक्ष्मी सहित अन्य देवी-देवता भी विराजित है.

मंदिर समिति के संस्थापक सदस्य वीरेंद्र कुमार दिल्लीवार बताते हैं कि 1961 से हमारे पूर्वजों ने फाल्गुन शुक्ल पक्ष पर मेला शुरू किया.मंदिर की स्थापना 1994 में शुरू हुई जो 1996 में पूरी हुई। सनातन हिन्दू महर्षि करपात्री महराज यहां आए और इस तीर्थ को तपोभूमि की संज्ञा दी. इस मंदिर में चार शंकराचार्य का आगमन भी हो चुका है।

कदंब के वृक्ष की अनोखी लीलाःमंदिर समिति के संस्थापक बताते हैं कि इस मंदिर में एक कदंब का वृक्ष है. इस कदंब के वृक्ष से मांगी गई मन्नत जरूर पूरी होती है. बताया जाता है कि कदंब के वृक्ष में राधा रानी और श्री कृष्ण विराजमान है। मन्नत पूरी करने के लिए यहां नारियल बांधा जाता है। इंदौर का एक परिवार जिनके कोई संतान नहीं थे। उन्होंने यहां मन्नत मांगी और एक वर्ष के भीतर उन्हें संतान सुख की प्राप्ति हुई। एक व्यक्ति का ट्रक 15 महीने से खो गया। मंदिर में स्थित कदंब वृक्ष की मान्यता के बारे में पता चलने पर यहां आकर मन्नत मांगी। दूसरे ही दिन ट्रक मिल गया- वीरेंद्र कुमार दिल्लीवार, संस्थापक सदस्य, मंदिर समिति वृन्दावन से पहुंचे प्रमोद कृष्ण दास बताते हैं कि लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन इस मंदिर में किया गया. इसके अंतर्गत रासलीला और कथा का आयोजन किया गया. घर में धन धान्य की समस्या आने पर लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन किया गया। बहुत आनंद आया. पहली बार यहां पहुंचे। मंदिर पहुंची शिल्फा चंद्राकर बताती है कि पिछले 64 सालों से इस मंदिर में फाल्गुन मेला लगता आया है। हर साल मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है.

श्री विष्णु महायज्ञ (मंदिर ओटेबंद मेला छत्तीसगढ़ के बालोद-दुर्ग जिले की सीमा (गुंडरदेही ब्लॉक) पर स्थित ओटेबंद (जगभांठा) गांव में फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की द्वितीया से आयोजित होने वाला 11 दिवसीय प्रसिद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन है। यह लगभग 60-65 वर्षों से आयोजित हो रहा है, जहां विष्णु मंदिर में क्षीरसागर मुद्रा में विराजमान भगवान विष्णु के दर्शन के लिए हज़ारों श्रद्धालु आते हैं।

#### ओटेबंद मेले की मुख्य विशेषताएं

यह मेला आम तौर पर महाशिवरात्रि के दो दिन बाद से शुरू होकर फाल्गुन शुक्ल पक्ष तक 11 दिनों तक चलता है, जहाँ 11 दिवसीय महायज्ञ (विष्णु महायज्ञ) आयोजित किया जाता है। पौराणिक मान्यताएंः ओटेबंद में स्थित विष्णु मंदिर में भगवान विष्णु के दशावतार रूप की मूर्तियां विराजमान हैं, जिसमें विष्णु क्षीरसागर की मुद्रा में हैं और माता लक्ष्मी उनके पैर दबा रही हैं। मंदिर परिसर में एक पुराना कदंब का पेड़ है, जिसके बारे में यह मान्यता है कि इस पर नारियल और लाल कपड़ा बांधने से मनोकामनाएं (विवाह, नौकरी, संतान प्राप्ति) पूरी होती हैं। मेले में भागवत प्रवचन, रासलीला, और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। इस क्षेत्र के लोग इसे अपनी आस्था और संस्कृति का प्रतीक मानते हैं। यह मेला दुर्ग से लगभग 18 किलोमीटर और अंडा के पास से पहुंचा जा सकता है। यह छत्तीसगढ़ के पर्यटन और धार्मिक आस्था का एक बड़ा केंद्र बन चुका है।

## बूथ अध्यक्ष ने किया खलारी में 19.80 लाख की सीसी सड़क निर्माण का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत खलारी में जिला खनिज न्यास निधि से 19 लाख 80 हजार की लागत से सी सी सड़क निर्माण का भूमि पूजन पूजा अर्चना कर रूपसिंह चक्रधारी बूथ अध्यक्ष भाजपा ग्राम खलारी के हाथो किया गया। योगेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा के द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए एक नई परंपरा की शुरुआत की गई है। जिसके तहत उन्होंने विगत दिनों कहा था कि जिस किसी भी बूथ स्तर पर निर्माण कार्य किया जाएगा। वहां का भूमि पूजन का कार्य बूथ अध्यक्षों के द्वारा किया जाएगा। इसी नई परंपरा का पालन करते हुए बूथ अध्यक्ष रूप सिंह चकधारी के हाथों निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया गया।

■ कार्यकर्ताओं के सम्मान की नई परंपरा की शुरुआत

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा का कार्यकर्ता है। इस लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए कुसुमकसा मंडल मे जो भी विकास कार्य का भूमिपूजन होगा उस ग्राम के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी के हाथो ही कार्य संपन्न किया जाएगा ।

इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल कुसुमकसा अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा मंडल के महामंत्री मितेन्द्र वैष्णव व पोषण भुअर्य ग्राम पंचायत सरपंच आत्मा राम दुग्गा जनपद सदस्य प्रीति उर्वसा उप सरपंच पुखराज निषाद ग्राम पटेल अमित निषाद मोती यादव हिरा लाला मंडावी भगबती सिन्हा मधुबाला सियाराम लीला राम साहू उमाकांत साहू ऐली राम साहू तुला राम रमेशनेताम सचिन साहू युवा नेता भाजपा सहित ग्राम पंचायत के पंच गण व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## ईको क्लब के बच्चों ने चलाया जंगल आग रोकथाम जागरूकता अभियान



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के हितकसा, कोड़ेकसा सहित आसपास के जंगलों से लगे शासकीय मिडिल स्कूल एवं हाईस्कूल के ईको क्लब के बच्चों द्वारा वनों को आग से बचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बच्चों ने वन्यप्राणियों का वेश धारण कर रैली निकाली और गांव-गांव जाकर घरों में निवेदन किया कि वनों को आग से बचाएं, महुआ बीनने से पहले जमीन को झाड़ू से साफ करें तथा जंगल में आग लगने की स्थिति में तुरंत वन विभाग के कर्मचारियों को सूचना दें। अभियान के अंतर्गत बच्चों एवं गाय चरवाहों को वन विभाग के कर्मचारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए, ताकि जंगल में आग लगने पर तुरंत सूचना दी जा सके। जानकारी के अनुसार अब तक बालोद जिले के लगभग 3000 बच्चों को वनों को आग से बचाने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों के संपर्क नंबर दिए जा चुके हैं। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि वनों में आग लगने से जैव विविधता का नुकसान, वायुमंडलीय प्रदूषण, मिट्टी का क्षरण, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक क्षति तथा मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों, बच्चों और चरवाहों को जागरूक कर जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा, जिससे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामूहिक जिम्मेदारी निभाई जा सके। यह कार्यक्रम ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह के अथक प्रयास से चलाया जा रहा है।

■ वन्यप्राणियों का वेश धारण कर बच्चों की जागरूकता रैली हुई

## सेजस विद्यालय में सेवानिवृत्त एवं पदोन्नत शिक्षकों का किया सम्मान



**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बालोद में सेवानिवृत्ति एवं पदोन्नति शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ शिक्षा, खेल, संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान

इस अवसर पर व्याख्याता प्रमोद कुमार सिंह एवं एसआर चुरेंद्र की सेवानिवृत्ति एवं आरएस देशमुख के प्राचार्य पदोन्नति पर उन्हें शाला से विदाई देते हुए सम्मानित किया गया। स्टाफ के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं उन्हें शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने उनके कार्य अनुभव एवं शिक्षकीय दायित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि इनके कार्यकाल में शाला ने नित गौरवपूर्ण उपलब्धियां हासिल किया है एवं इन्होने शालेय कार्य संपादन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर 12वीं की प्रतिभावान छात्र–छात्रओं को उनके उत्कृष्ट उपलब्धियां के लिए प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें बेस्ट एकेडमिक डॉली साहू, डिंपल साहू, भारती साहू, प्रकाश बेस्ट कल्चरल अवार्ड कृतिका साहू, मुस्कान साहू राष्ट्रीय कला उत्सव पुणे, बेस्ट स्काउट हर्ष कुमार यादव, पुष्कर ठाकुर राहुल बेस्ट गाइड सोनम साहू राज्यपाल अवार्ड, बेस्ट स्पोर्ट्स डिंपल गावरे राज्य ताइक्वांडो, महेंद्र कुमार निषाद राज्य कुश्ती, जूनियर साइंटिस्ट लोकेंद्र कुमार साहू, निखिल साहू, बेस्ट एनसीसी कैडेट उज्जवल तारम, बेस्ट एनएसएस मोनेश कौशिक, बेस्ट इको क्लब बबली ध्रुव, बेस्ट जूनियर रेड क्रॉस रितिका यादव को उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। शाला स्टाफ के आरएल गोटामें, डीपी सिंन्हा, वीरेंद्र देशलहरे, भेद कोसले, महेंद्र पटेल, वेद देवांगन, रोमेंद्र देवांगन, आर सार्वा, नेम सिंह साहू, भागवत साहू, वंदना शर्मा, नीलम पांडे, हर्षा गौरी ठक्कर, रुक्मणी ठाकुर, पुष्पांजलि पांडे, अर्चना साहू, कुमुदिनी साहू, शैलेंद्री साहू, हेमू साहू, टीएस मंडावी, मनोरमा कुंभज, पंकज सोनी जयंत देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हरिश्चंद्र पटेल ने किया।

## संबलपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर हुआ





**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में ग्राम संबलपुर स्थित सामुदायिक भवन में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम स्तर के जनप्रतिनिधियों,सरपंचों एवं पंचों को स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

■ सरपंच-पंचों को स्वास्थ्य योजनाओं पर दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

शिविर के दौरान मुख्य प्रशिक्षक शोभा शर्मा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए शासन की योजनाएँ तभी प्रभावी होंगी, जब समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने पंच-सरपंचों से अपील की कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता, पोषण, टीकाकरण तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने में अग्रणी भूमिका निभाएँ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोटेरा, कोसमी एवं संबलपुर ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। प्रतिभागियों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएँ, मौसमी बीमारियों से बचाव, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता प्रबंधन तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य तंत्र को सुदृढ़ करना, स्थानीय नेतृत्व को सक्षम बनाना तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना रहा।

शिविर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका से ही स्वस्थ, जागरूक और सशक्त गांवों का निर्माण संभव होगा।



## संगठित समाज ही विकास की मुख्य धारा में आगे बढ़ता हैः विधायक कुंवर सिंह निषाद

**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद शनिवार को ग्राम देवरी ख में दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज सर्किल जंजगिरी द्वारा आयोजित 56 वां वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। विधायक ने कहा कि मैं दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। समाज के विकास में सबकी भागीदारी जरूरी है, इससे समाज में एकता और संगठन का विकास होता है। सभी के एक होने से समाज में सामाजिक समरसता का विकास होगा। समाज के बिना हम सब अधूरे है, संगठित समाज ही विकास की धारा में आगे बढ़ता है। ऐसे सामाजिक आयोजन हमारी एकता को मज़बूत करता हैं, इससे हमें सामाजिक रीति–रिवाज जानने समझने और उनसे जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी, आयोजक समिति के पदाधिकारी, सदस्य सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## किल्लेकोड़ा स्कूल में छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का गुर, विद्यार्थियों ने सुनी प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिए जाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी के माध्यम से देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री के नवें संस्करण के इस विशेष कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा पूर्व तैयारी, सकारात्मक सोच तथा विभिन्न विषयों से जुड़े तनाव को दूर करने के उपायों पर अत्यंत प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने परीक्षा के बोझ को कम कर आत्मविश्वास बढ़ाने, लक्ष्य निर्धारण और एकाग्रता के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी, जिससे विद्यार्थियों के मन का भय दूर हुआ और वे परीक्षा की ओर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित हुए। इस अवसर पर डॉ. बी.एल. साहसी ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के साथ की गई तैयारी से कोई भी छात्र-छात्रा अपनी मंजिल तक पहुंचने से नहीं रुक सकता। प्राचार्य अजय मुखर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक है और 10वीं-12वीं के छात्र-छात्राओं को इससे निश्चित ही मार्गदर्शन मिलेगा। मुक्ति मैडम ने इसे एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि टीवी प्रसारण के माध्यम से सभी बच्चों को इसका लाभ मिल रहा है। वहीं त्रिजिला ठाकुर मैडम ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के लिए शुभफलदायी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजन से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और परीक्षा के प्रति उत्साह का संचार देखने को मिला।

■ परीक्षा के तनाव को दूर करने का मिला उपाय

## संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में शीतल रही प्रथम



**गुण्डरदेही।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भाठागांव आर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत संकुल स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रनचिराई से शीतल चंद्राकर मुस्कान साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जोरातराई से चंचल यादव, ईश्वरी महार, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भाठागांव आर से हरिका साहू मेघा ने भाग लिया।

जिसमे प्रथम शीतल चंद्राकर और द्वितीय मुस्कान साहू रही, इसमे से प्रथम स्थान प्राप्त छात्र ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में जाएंगे। पुरस्कार वितरण प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव रूबी जॉनसन, व्याख्याता गजेंद्र यदु, प्रधान पाठक विनोद नेताम, उधो राम सिन्हा, संकुल समन्वयक जितेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर कक्षा छटवी से आठवी तक के विद्यार्थी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ग्राम कन्हारपुरी में त्रि-दिनी संगीतमय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ

**गुरूर।** साकेत मानसगान समिति द्वारा ग्राम कन्हारपुरी में त्रि दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन 6 से प्रारंभ हुआ है जिसका समापन 8 फरवरी को होगा। जिसमे 6 फरवरी को मुख्य अतिथि संचालक श्री रामलीला मंडली कन्हारपुरी गणेश राम साहू थे। अध्यक्षता भूखाराम देवांगन ने किया। विशेष अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज कन्हारपुरी तीजूराम साहू, ग्राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति कन्हारपुरी मदनलाल हिरवानी, पोशण लाल देवांगन उपस्थित थे। 6 फरवरी को श्री राम भक्त मानस परिवार कन्हारपुरी, नारी शक्ति महिला मानस मंडली सुभाश नगर गुरूर, श्री राम किंकर मानस परिवार खपरी कला राजनांदगांव की पुस्तुती दी। 7 फरवरी को शाम 4 बजे विशेष अतिथि आकाश खत्री, मनीश जैन, बसंत भुआर्य, कोशाध्यक्ष ग्राम विकास समिति कन्हारपुरी छगन लाल देवांगन, किशनलाल सिन्हा उपस्थित थे। इस दौरान 7 फरवरी को दाई के दुलार मानस एवं रामधुनी मंडली कन्हारपुरी, जय मां मनकेसरी महिला मानस परिवार टहकापार, जय मां शीतला श्री राम के सुख मानस परिवार अंतागढ़, भक्ति सागर महिला मानस मंडली धौराभाठा, ज्ञान गंगा महिला मानस मंडली कोचेरा, जय मां शीतला मानस मंडली भिलौरी नयापारा, मारूति मानस परिवार ईर्रा, सरस्वती मानस परिवार कपसदा की प्रस्तुती हुई। तृतीय दिवस 8 फरवरी को मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू होंगी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू करेगे। वि"ोश अतिथि सदस्य जनपद पंचायत गुरूर सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष जिला भाजपा बालोद कौशल राम साहू, जनप सदस्य जनपद पंचायत गुरूर लता लक्ष्मीचंद साहू, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी तेजराम साहू, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपुरी भागा बाई, रामदयाल साहू, कविता रेखराम गंगबेर उपस्थित रहेंगे।





### ये कर रहे सहयोग

मंचीय गौरव में सम्मेराम यादव, मूलचंद देवांगन, रामकिशन साहू, लोकूराम साहू है। मंच संचालन रामदयाल साहू, हलयुद्ध हिरवानी कर रहे है। मंदिर पूजा प्रभारी में धनेश राम मगेन्द्र, राधेलाल देवांगन, संजय कुमार नेताम, अ"वनी कुमार हिरवानी, पुरानिक साहू, विद्युत प्रभार अवधराम सिन्हा, दिलीप कुमार साहू, भरतदास मानिकपुरी, गिरवेन्द्र सिन्हा व मूल कार्यकारिणी में अध्यक्ष मूलचंद देवांगन, उपाध्यक्ष रिखी राम साहू, सचिव चैतराम कलिहारी, कोशाध्यक्ष गोपाल राम सिन्हा, महासचिव हलयुद्ध हिरवानी, संरक्षक रामदयाल साहू, संयोजक सम्मेराम यादव, सहसंयोजक लोकू राम साहू व कार्यकारिणी सदस्य में अशोक कुमार साहू, अश्वनी कुमार हिरवानी, मदन लाल हिरवानी, विद्यासागर हिरवानी, भुवन लाल गंगबेर, गैंदलाल गंगबेर, धनेश राम मगेन्द्र, केदार यादव, अरूण देवांगन, रामकुमार सिन्हा, बसंत हिरवानी तथा ग्रामीणो का सहयोग है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम सिकोसा में मड़ई मेला आज

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिकोसा में 8 फरवरी मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम व 9 फरवरी को दुकालू यादव की प्रस्तुति होगी।

### ग्राम मुढ़िया में डड़सेना कलार समाज का मंडल स्तरीय मिलन समारोह व परिचय सम्मेलन आज

**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में छत्तीसगढ़ डड़सेना कलार सिन्हा समाज का मण्डल स्तरीय मिलन समारोह एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 8 फरवरी को किया गया है। वहीं 8 फरवरी को तहसील के सभी 29 गांव की समाज शामिल होंगी। जिनमें मुख्य अतिथि संरक्षक जिला कलार समाज बालोद ओमप्रकाश गजेन्द्र होंगे। अध्यक्षता मण्डलेशवर तहसील इकाई देवरी मण्डल जिला बालोद बिसरू राम सिन्हा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सदस्य जनपद पंचायत डौण्डी लोहारा भूपेश नायक, सरपंच ग्राम पंचायत मुढ़िया हरेश कुमार कौशिक, ग्राम पटेल मुढ़िया भंगी राम भुआर्य होंगे। विशेष अतिथि संरक्षक कलार समाज बालोद दीनदयाल डड़सेना, अध्यक्ष कलार समाज जिला बालोद चमन सिन्हा, ग्राम प्रमुख मुढ़िया उदेराम सिन्हा उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया है।

### न्योता भोज कराया



**गुरूर।** तुला राम साहू भगत साईं मंदिर धनोरा द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला धनोरा में न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर साला परिवार की ओर प्रधान पाठक लीलाराम सेवता, बुद्धेश्वरी साहू, सहायक शिक्षक नीलिमा भूआर्य द्वारा आभार प्रेषित किया गया।

### ग्राम पंचायत पिकरीपार में आज शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम होगा

**गुरूर।** ग्राम पंचायत पिकरीपार द्वारा शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन 8 फरवरी को किया गया है। जिसके तहत ग्राम में टिना शेड का शिलान्यास एवं नवीन आंगनबाड़ी पिकरीपार, टिना शेड निर्माझा तिलखैरी का लोकर्पण कार्यक्रम रखा गया है। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति महिला बाल विकास जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर नरेश मदन साहू, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामे"वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पिकरीपार चंदा तुकाराम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पिकरीपार राधेलाल साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति तिलखैरी मुंजन लाल देवांगन उपस्थित रहेंगे। पंचायत पदाधिकारी में सरपंच पंचशीला धनराज साहू, उपसरपंच कंसराम साहू, सचिव दानीराम साहू, पंच पीताम्बर देवांगन, रामकुमार देवांगन, यशवंत यादव, कविता यादव, भुनेश्वरी साहू, जागेश्वरी साहू, टामिन साहू, झामिन बाई ठाकुर, तिजिया साहू, रोजगार सहायक टिलेश्वर साहू व ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

# जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिला अधिवक्ता संघ बालोद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह एवं अधिवक्ता के रूप में 35 वर्ष पूर्ण कर चुके अधिवक्ताओ का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शपथ ग्रहण एवं गौरव सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सदस्य छ.ग. राज्य विधि परिषद बिलासपुर बादशाह प्रसाद सिंग थे। अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीशः जिला बालोद श्यामलाल नवरत्न ने किया। विशेष अतिथि न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय बालोद योगेश पारीक, सदस्य छ.ग. राज्य विधिज्ञ परिषद् बिलासपुर शत्रुघन सिंग साहू, सदस्य छ.ग. राज्य विधिज्ञ परिषद् बिलासपुर विराट वर्मा, सदस्य छ.ग. राज्य विधिज्ञ परिषद् बिलासपुर उत्तम चंदेल उपस्थित थे।

समारोह में अतिथियो ने अधिवक्ताओ के न्यायिक सेवा में योगदान की सराहना की। इसी कार्यक्रम में अतिथियो ने अपने उद्बोधन में न्यायव्यवस्था में अधिवक्ताओ की भूमिका को समान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला संरक्षक संतोष पारख, अध्यक्ष सुनील सोनी, उपाध्यक्ष भेषकुमार साहू, महिला उपाध्यक्ष संगीता बाला शर्मा, सचिव अनिल योगी, सहसचिव सुनील नंदी, कोषाध्यक्ष कैलाश सिन्हा, सांस्कृतिक एवं कीड़ा सचिव खगेश्वर नंद, ग्रंथपाल मो. रियाजुद्दीन कुरैशी एवं नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी सदस्य में डेविड साहू, जितेन्द्र साहू, ललेश्वर चकघर, अनिश वाघमारे, आशुतोष आनंद सोनी व महिला सदस्य नर्मदा निषाद का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम के दौरान संघ के 35 वर्ष पूर्ण कर चुके वरिष्ठ अधिवक्ताओ का साल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेटकर सम्मान किया गया। इस गौरव सम्मान में शामिल हुए अधिवक्ता बालोद देवेन्द्र कुमार साहू, बालमुकुद अग्रवाल, मो. रियाजुद्दीन कुरैशी, यशवंत जैन, अधिवक्ता दल्लीराजहरा अरविंदर कौर संधु, पवन कुमार गोयल का सम्मान किया गया। जिसमें इनके लंबे सेवा काल में न्याय व्यवस्था, अधिवक्ता सम्मान एवं विधि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का आभार भेष कुमार साहू के द्वारा किया गया।

# ग्राम पेंवरो में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह व प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन हुआ



**गुरूर।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा ब्लॉक स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पेंवरो ब्लॉक गुरुर जिला बालोद में रखा गया था एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माताजी के जन्म शताब्दी 2026 एवं अखंड दीप के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गायत्री परिवार हीरक मंडल धोबनपुरी के अंतर्गत ग्राम पेंवरो में श्रीमद् प्रज्ञा पुराण कथा एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया था।

■ आचार्य भोलेश्वर सिन्हा ने संगीत प्रवचन से किया कथा वाचन

जिसके प्रवचनकर्ता शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रज्ञा पुत्र आचार्य भोलेश्वर सिन्हा एवं उनके साथी प्रज्ञा पुत्र ने संगीत के माध्यम से कथा का वाचन किया। प्रवचनकर्ता ने सभी संस्कारों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया और सभी जनों को गुरू बनाने की सलाह दिया। दुसरे दिन पर संगीत प्रवचन प्रज्ञा पुराण कथा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद चंद्रिका गंजीर थे। अध्यक्षता समन्वय गायत्री परिवार जिला बालोद अटनागर ने किया। विशिष्ट अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सरपंच राजा रामकिशोर, समाजसेवी निधी टुवानी, भूपेश गजीर, डॉ गोपाल साहू, बहुर सिंह साहू, रामजी साहू थे।

कक्षा पांचवी से लेकर 12वीं तक के सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वालों विद्यार्थियों को ईनाम एवं प्रतीक चिह्न दिया गया। इस अवसर पर अटनागर ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सभी बच्चों को दिलाना चाहिए, यह एक सामान्य ज्ञान का परीक्षा है और जो भी प्रथम, द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान आता है उसको ब्लॉक स्तर में ईनाम दिया जाता है।

डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि हमें अपने जीवन में कोई ना कोई गुरु अवश्य बनाना चाहिए, तब हमारा मुक्ति संभव है गायत्री मंत्र में बहुत बड़ी शक्ति है, जो व्यक्ति गायत्री मंत्र का जाप करता है व्यक्ति जीवन में बहुत आगे बढ़ता है, सभी माता और बहनों से निवेदन किया कि अपने-अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा और संस्कार दे और उनके भविष्य बनाएं और हमेशा यज्ञ कार्यक्रम में भाग ले और भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सभी बच्चों को दिलाना चाहिए।

# त्रिदेव मानस गान प्रतियोगिता किया आयोजन

**जामगांव आर।** ग्राम चुलगहन में त्रिदेव मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में अतिथि सभापति जिला पंचायत कल्पना नारद साहू, अध्यक्ष साहू संघ पाटन लालेश्वर साहू, भाजयुमो अध्यक्ष दक्षिण पाटन नारद साहू, महिला उपाध्यक्ष परि साहू संघ जामगांव आर भानुप्रिया साहू, नीलेश्वरी साहू अभिषेक सेन उपस्थित थे।

आयोजन समिति के पदाधिकारी बेनीराम साहू, पुरेंद्र रघुवंशी, नारायण यादव, अशोक कुलदीप, पुलस्त्य साहू, घनश्याम, संतोष रघुवंशी, आत्मा साहू, मनीष चौहान, पुरुषोत्तम साहू, पवन कुमार रघुवंशी उपस्थित थे। अतिथियों ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श है, मर्यादा मय जीवन जीने की कला हमे श्री राम से प्राप्त होती है।



# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई की

**बालोद।** पुरानी रंजिश के चलते दो युवको ने एक युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले दो युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम तिलखैरी निवासी हितेश्वर साहू ने पुलिस को बताया कि मैं अपने घर में था, तभी विनोद निषाद ने मुझे फोन कर बजरंगबली मंदिर के पास बुलाया, वहां पर लल्लु यादव था, तो मैं वहां विनोद को नही देखा तो वहां से जाने लगा, फिर लल्लु यादव ने मुझे आवाज देकर मंदिर के पीछे बुलाया और मैं गया तो बोला कि तुम मेरी बहन को गाली क्यो दिया है, बोलकर मुझे गाली गलौच करने लगा, लल्लु ने मुझे जान से मारूगा बोलकर वही पर खडे मोहित साहू से उसका पहने चुड़ा को मांगा और मुझे उसी से सिर में मारपीट करने लगा।

वहां पर किशोर साहू ने बीच बचाव किये है व राकेश पटेल, टीकू साहू देखे व सुने है। विनोद निषाद ने पुरानी दुश्मनी को लेकर मेरे खिलाफ लल्लु यादव को भड़काकर मेरे साथ मारपीट करवाया है। मारपीट से मेरे सिर के उपर तीन जगह व माथे में एक जगह चोट आई है।

# शाला आमटी में छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंड।

शासकीय प्रोन्नत पूर्व माध्यमिक शाला आमटी में छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी बच्चों को पेन, कॉपी, कंपास बॉक्स, ड्राइंग किट सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। सरपंच दुर्गा चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

इस अवसर पर शाला के शिक्षकगण ईश्वर देशमुख, रमेश देशमुख, पंचराम देवांगन, नीरज बेलचंदन, हेमंत टांडिया, मधु साहू, छबीना ऊईके उपस्थित रहे। साथ ही सरपंच प्रतिनिधि मोहन लाल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों का उत्साहवर्धन करना एवं गणतंत्र दिवस के महत्व से उन्हें अवगत कराना रहा, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा।

# ग्राम पंचायत तमोरा की दो मंदिरो में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** ग्राम पंचायत तमोरा एक ही दिन में दो अलग अलग मंदिरो में चोरी की घटना हो गई। जिसमें अलग अलग रिपोर्ट अज्ञात चोर के खिलाफ लिखाया गया है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पहले मामले में ग्राम पंचायत तमोरा के उप सरपंच दीनानाथ यादव ने पुलिस को बताया कि गांव के श्री राम मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर दानपेटी में करीबन दो साल का दान किया हुआ। चिल्हर व नोट करीब 7000 रूपये होगा को 04 फरवरी के रात्रि करीबन 09. बजे रात्रि से 05 फरवरी के सुबह करीबन 08 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे मामले मे ग्राम पंचायत में ही गांव के राधा कृष्ण मंदिर के गेट में लगा ताला तोड़कर मंदिर के अंदर रखे दान पेटी की चोरी कर ली गई, चोरी किए गए दानपेटी मंदिर के कुछ दूर सडक के किनारे पडा मिला, जिसमें दान किये हुए राशि को दानपेटी में लगा ताला को तोडकर दानपेटी में चिल्हर व नोट कुल लगभग 5000 रूपये किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पीएमश्री स्कूल सम्बलपुर में न्योता भोज कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, सम्बलपुर में गुरुवार को न्यौता भोज का प्रेरणादायक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय एवं समाज के बीच आत्मीय संबंधों को सुदृढ़ करना, विद्यार्थियों के पोषण स्तर में सुधार लाना तथा उनमें समानता, सहयोग और भाईचारे की भावना का विकास करना रहा।

■ हलवा-पूरी की मिठास के साथ पोषण और भाईचारे का संदेश दिया

इस अवसर पर शिक्षक श्री राबिन नागवंशी ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विद्यालय के 125 विद्यार्थियों को न्यौता भोज प्रदान किया। बच्चों को स्नेहपूर्वक हलवा पूड़ी परोसी गई, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह, आनंद और उल्लास का वातावरण निर्मित हुआ।

संस्था प्रमुख वीणा ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अतिरिक्त पोषण प्राप्त होता है तथा सामाजिक सहभागिता और सहयोग की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यालय और समाज के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के माध्यम से विद्यालयों और समुदाय के बीच सकारात्मक समन्वय स्थापित हो रहा है, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिल रही है। कार्यक्रम के अंत में समस्त शिक्षक साथियों एवं स्टाफ ने श्री नागवंशी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।



# रामायण आदर्श जीवन जीने की कला सिखाती है - ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





ग्राम गांधी नगर अण्डा एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दो दिवसीय राज्य स्तरीय स्वर मानस गान सम्मेलन। कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ताम्रध्वज साहू उपस्थित हुये।

उन्होंने रामायण के बारे में विस्तृत रूप बताया की रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि एक शाश्वत महाकाव्य है जो सत्य, त्याग, धर्म, और प्रेम के माध्यम से एक आदर्श जीवन जीने की कला सिखाता है। यह हमें रिश्तों में मर्यादा, विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, कर्तव्यनिष्ठा और अहंकार के विनाश का संदेश देता है। राम, सीता, और हनुमान के चरित्र व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में नैतिकता का मार्गदर्शन करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि तुलसीदास के रचित रामचरित मानस को पढ़कर अपने जीवन में उतारकर प्रसांगिक बनाए। उन्होंने आगे कहा कि मानस गान के माध्यम से भगवान राम के चरित्रों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष राधेश्याम चन्द्राकर, डॉ जेडी चेलक, हेमेंद्र चन्द्रकार, तेजराम चौहान, खिलेन्द्र यादव,रुपेश विश्वकर्मा,बीरेंद्र साहू, दूर्वाशा चन्द्रकार, यशवंत चन्द्रकार, धर्मेंद्र ठाकुर, महेंद्र यादव,डी. पी चन्द्राकर, जयराम चन्द्राकर, डॉ. सुदामा चन्द्राकर, दीनदयाल साहू, चैत राम यादव, हलधर साहू, भानू चन्द्राकर, दाऊ प्रहलाद बन्द्राकर, थनवार चन्द्राकर, देवेन्द्र सिन्हा, पूर्णिमा चन्द्राकर, लक्ष्मीकांत चन्द्राकर, राधेश्याम चन्द्राकर, बी. एल. बघेल, किसुन नेताम, संजय चन्द्राकर, टीका चन्द्राकर, भूरु नेताम, फेकू धन्द्राकर, कृष्णा ठाकुर, बिसेलाल निर्मलकर, भरतलाल सिन्हा, चेतन साहू सहित आयोजन समिति बड़ी संख्या में मौजूद थे।

